
# सप्लाई चेन और तकनीकी सहयोग पर चर्चा

- इंडो-पैसिफिक को मजबूत बनाएंगे क्वाड देश : जयशंकर
- इंडो-पैसिफिक मुद्दों पर केंद्रित रही बैठक



**नई दिल्ली, 26 मई. भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद कहा कि क्वाड देशों का उद्देश्य आपसी सहयोग को मजबूत करना और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को अधिक सुरक्षित, समृद्ध और स्थिर बनाना है.**

उन्होंने जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही. जयशंकर ने कहा कि बैठक में मुख्य रूप से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई.उन्होंने कहा कि क्वाड के चारों सदस्य समुद्री सीमाओं वाले लोकतांत्रिक देश हैं, जो इंडो-पैसिफिक के अलग-अलग हिस्सों में स्थित हैं और साझा हितों के तहत सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं. उन्होंने कहा, 'यह हमारी 2026 की पहली बैठक है. विदेश मंत्री ने बताया कि क्वाड देश समुद्री निगरानी, डोमेन अवेयरनेस, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, समुद्र के नीचे बिछाई जाने वाली केबल्स, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं.उन्होंने कहा कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन बेहद जरूरी है.

क्वाड देशों ने इस दिशा में सहयोग और मजबूत करने पर सहमति जताई.जयशंकर ने कहा कि क्वाड के सभी सदस्य बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाएं हैं और आर्थिक मजबूती बढ़ाने के लिए सप्लाई चेन को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीक, उत्पादन क्षमता, ऊर्जा, उर्वरक और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई.

> क्वाड देशों का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में किसी भी तरह की बाधा का सबसे अधिक प्रभाव इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर पड़ता है, इसलिए इस क्षेत्र की ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है. चारों देश मिलकर एनर्जी मार्केट को स्थिर, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने के लिए काम करेंगे.

## डीआरडीओ वैज्ञानिक के घर 50 लाख की चोरी

**नई दिल्ली, 26 मई.** राष्ट्रीय राजधानी के तिमारपुर इलाके स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन परिसर में चोरी की घटना सामने आयी है, जहां चोरों ने कथित तौर पर एक वैज्ञानिक के आवास का ताला तोड़कर करीब 45 से 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, विदेशी मुद्रा और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. यह घटना डीआरडीओ परिसर स्थित राम नारायण साइंटिस्ट हॉस्टल में हुई, तिमारपुर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार चारों ने घर के तीन ताले तोड़े और बाद में स्टील की अलमारी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे कीमती सामान लेकर फरार हो गये. शिकायतकर्ता सीमा गौतम ने बताया कि वह अपनी बेटी और पति से मिलने चंडीगढ़ गयी थीं.

# दक्षिणी ईरान में अमेरिका का हवाई हमला

- खाड़ी देशों में अमेरिकी बेस सुरक्षित नहीं रहेंगे : खामेनेई
- माइन बिछा रही नौकाएं और मिसाइल साइट बने निशाना

**वाशिंगटन, 26 मई. पश्चिम एशिया में जारी संकट बुरी तरह से उलझता नजर आ रहा है. एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं, जो किसी भी हाल में इस युद्ध को अमेरिका के लिए जीत साबित करने में लगे हुए हैं, तो दूसरी तरफ ईरान है, जो अपने दशकों पुराने अमेरिकी डर का सामना करके और भी ज्यादा खतरनाक हो गया है.**

इसी निडरता का परिचय देते हुए शांति समझौते के बीच ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने साफ कर दिया है कि अब से खाड़ी



देश अमेरिकी ठिकानों के लिए 'ढाल' की तरह काम नहीं कर पाएंगे. ईद-अल-अजहा के मौके पर खामेनेई ने ईरानी लोगों के लिए एक लिखित बयान जारी किया। इस बयान में खामेनेई ने अमेरिका के साथ चल रही शांति वार्ता को लेकर भी बात की। इतना ही नहीं युद्ध की स्थिति को लेकर उन्होंने साफ किया कि अब ईरान अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने से नहीं चूकेगा। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित है कि समय के हाथ अब पीछे की तरफ नहीं मुड़ेंगे. जमीन अब अमेरिकी ठिकानों के लिए ढाल का काम नहीं करेगी.

> दक्षिणी ईरान और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिका ने सेल्फ डिफेंस स्ट्राइक करते हुए ईरानी मिसाइल लॉन्च साइटों और माइन बिछाने की कोशिश कर रही नौकाओं को निशाना बनाया. अमेरिकी सेना ने कहा कि यह कार्रवाई अपने सैनिकों और युद्धपोतों की सुरक्षा के लिए की गई. यह हमला ऐसे समय हुआ है जब दोनों देशों के बीच युद्धविराम और परमाणु समझौते को लेकर बातचीत जारी है. इस घटनाक्रम ने पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ा दिया है.

# कच्चा तेल सस्ता पर राहत नहीं

**नई दिल्ली, 26 मई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद वह जनता को राहत नहीं दे रही है बल्कि अपना खजाना भरने में मशगूल है.**



खरगे ने मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 26 मई 2014 को जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, उस समय भारतीय बास्केट का कच्चा तेल 108.05 डॉलर प्रति बैरल था और डॉलर-रुपया विनिमय दर 58.59 रुपये थी. तब पेट्रोल 71.51 रुपये और डीज़ल 56.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था. उन्होंने कहा कि आज कच्चे तेल की कीमत 99 डॉलर प्रति बैरल से कम है, लेकिन पेट्रोल और डीज़ल के दाम बढ़कर क्रमशः 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं. खरगे ने कहा कि इस दौरान पेट्रोल करीब 42.8 प्रतिशत और डीज़ल करीब 67.9 प्रतिशत महँगा हो चुका है. खरगे ने कहा कि पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता.

## आज का इतिहास

1937- अमरीका के सान फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट नामक दुनिया के एक सबसे खूबसूरत पुल का उद्घाटन किया गया
1951- बम्बई (अब मुंबई) में तारापुरवाला एक्वेरियम का उद्घाटन हुआ.
1957 - कॉपीराइट बिल पारित हुआ.
1962 - भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी रवि शास्त्री का जन्म.
1964- आधुनिक भारत के निर्माता एवं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का निधन
1981- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया.

# मोदी सरकार के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण

- राजनाथ सिंह समेत कई मुख्यमंत्रियों ने दी बधाई

**नई दिल्ली, 26 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को मंगलवार को 12 साल पूरे हो गए हैं. साल 2014 में 26 मई को नरेंद्र मोदी ने देश के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी.**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पीएम मोदी को उनके कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर लिखा, 26 मई 2014 को भारत की विकास यात्रा में एक



नए अध्याय की शुरुआत हुई. जिस दिन नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, वह दिन देश में शासन-व्यवस्था, नेतृत्व और राष्ट्रीय संकल्प में एक निर्णायक परिवर्तन का प्रतीक बन गया. उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'अंत्योदय' की भावना को सही मायनों में साकार किया गया है. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक्स पर लिखा, 'देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन तपस्वी और तेजस्वी का है. उनका नेतृत्व त्रिकालदर्शी है. बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, 'सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकसित भारत के संकल्प को समर्पित प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने जनविश्वास, विकास और राष्ट्र सेवा के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण किए हैं.

# एनआईए ने मालदा जिले से 14 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, 26 मई. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे न्यायिक अधिकारियों को कथित तौर पर बंधक बनाने, हिंसक विरोध प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 और लोगों को गिरफ्तार किया है.**

यह मामला एक अप्रैल को मालदा के कालियाचक-द्वितीय ब्लॉक के मोथाबारी में हुई घटना से जुड़ा है. वहाँ मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विरोध कर रही एक उग्र भीड़ ने तीन महिला अधिकारियों सहित सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक कथित तौर पर बंधक बना लिया था. एनआईए की टीमों ने सोमवार देर रात मालदा के कालियाचक और मोथाबारी में कई ठिकानों पर छापेमारी कर ये गिरफ्तारियां कीं. सोमवार रात हुई इन गिरफ्तारियों के बाद इस घटना के सिलसिले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 68 हो गई है. उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जब ये न्यायिक अधिकारी मतदाता सूची के सत्यापन कार्य की निगरानी के लिए तैनात थे, तब सैकड़ों निवासी ब्लॉक विकास कार्यालय के बाहर जमा हो गए. उनका आरोप था कि वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से गलत तरीके से हटा दिए.

## एक नजर में

### स्पेन में हंता वायरस का नया पॉजिटिव केस

**स्पेन, 26 मई.** स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 14 स्पेनिश नागरिकों में हंतावायरस संक्रमण का एक नया पॉजिटिव मामला सामने आने की पुष्टि की है. ये नागरिक एमवी होंडियस क्रूज जहाज के यात्रियों में शामिल थे, जो अप्रैल में अटलांटिक महासागर पार करते समय इस बीमारी के प्रकोप से प्रभावित हुआ था. जहाज पर सवार 14 स्पेनिश नागरिकों को 10 मई को टेनेरिफ द्वीप से बेहद सख्त निगरानी वाले ऑपरेशन के तहत निकाला गया था वे मैड्रिड के गोमेज उल्ला सेंट्रल डिफेंस हॉस्पिटल में एहतियाती क्वारंटाइन में हैं.

### मणिपुर में ग्रामीणों के अपहरण में चार गिरफ्तार

**इंफाल, 26 मई.** मणिपुर में सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने सोमवार को कांगपोकपी जिले से छह नागा ग्रामीणों के अपहरण से जुड़े एक अभियान के दौरान चार संदिग्ध सशस्त्र कुकी उग्रवादियों को गिरफ्तार किया. ग्रामीणों का अपहरण 14 मई को उनके परिवार के सदस्यों के साथ किया गया था.उनके परिवार के 14 सदस्यों को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने रिहा कर दिया, लेकिन छह ग्रामीणों को नहीं छोड़ा गया. ये गिरफ्तारियां मणिपुर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और असम राइफल्स के कर्मियों द्वारा

# अल्पसंख्यक महिलाओं को सुरक्षा और न्याय

- असम विधानसभा में सीएम हिमंता सरमा का बड़ा बयान
- महिलाओं का सम्मान राज्य सरकार की प्राथमिकता

**गुवाहाटी, 26 मई. असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का बचाव करते हुए कहा कि इस कानून का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं को अधिक सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना है.**

सदन में हुई चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने राजनीतिक विचारों से ऊपर सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी और धार्मिक अल्पसंख्यक



महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से विधानसभा के पहले ही सत्र में यूसीसी विधेयक पेश किया. मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम यहां सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए नहीं आए हैं. अपने समर्थकों या राजनीतिक हितों के लिए कुछ भी करने से पहले, हम सामाजिक न्याय के लिए समान नागरिक संहिता विधेयक लाए हैं. प्रस्तावित कानून अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं को उच्चतम स्तर की सुरक्षा प्रदान करेगा और विवाह, विरासत और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मामलों में उनके अधिकारों को मजबूत करेगा. उन्होंने विपक्षी दलों पर विधेयक के उद्देश्य को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा, 'यूसीसी अल्पसंख्यक समाजों से संबंधित महिलाओं को अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करेगा .विधानसभा में हुई पिछली बहस को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने रायजोर दल के एक विधायक के साथ हुई पिछली बातचीत का जिक्र किया.सरमा ने कहा, मुझे याद है कि इस सदन में अपने एक पिछले भाषण के दौरान, जब रायजोर दल के एक विधायक ने हमारी आलोचना की थी, तो मैंने विधानसभा में स्पष्ट रूप से कहा था कि यह सरकार न्याय और समानता सुनिश्चित

## ईडी ने पांच जगहों पर की छापेमारी

**नयी दिल्ली, 26 मई.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मदुरै और चेन्नई में पांच जगहों पर छापेमारी की है. यह नेटवर्क समुद्र के रास्ते श्रीलंका में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था. ईडी के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय ने बताया कि यह कार्रवाई डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस द्वारा जॉन ब्रिटो और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस और कस्टम एक्ट के तहत दर्ज मामलों के आधार पर शुरू की गयी है. 108 करोड़ रुपये मूल्य की 99 किलोग्राम 'हाशिश' और लगभग 150 करोड़ रुपये कीमत की 37.5 किलोग्राम श्रीलंका भेजने का आरोप है.



मई में हो रही बर्फ़बारी। हिमकुंड साहिब में बर्फ से हो रहा श्रृंगार

# भाजपा से संपर्क में टीएमसी के सांसद

**कोलकाता, 26 मई.** बंगाल की सत्ता हाथ से जाने के बाद ममता बनर्जी की 'महा-मुश्किल' का दौर शुरू हो चुका है. टीएमसी को जल्द ही बड़ा झटका लग सकता है. विधानसभा चुनाव में भाजपा से परास्त हुई ममता के अच्छे दिन कभी लौट भी पाएंगे, इसमें संदेह

### काकोली घोष का इशारा

का बीजारोपण हो गया है. सत्ता की हनक गई, समर्थक साथ छोड़ रहे, पार्षद भाग रहे और अब सांसदों-विधायकों के भागने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है.

कौन है टीएमसी सांसद काकोली घोष, जिसने ममता की नींद उड़ा रखी है.विधानसभा चुनावों में हार के बाद नगरपालिकाओं में टीएमसी पार्षदों के सामूहिक इस्तीफे का सिलसिला शुरू हो गया है. आधा



दर्जन से अधिक नगरपालिकाओं में थोक के भाव टीएमसी पार्षदों के इस्तीफे हुए हैं. यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा. फालता सीट पर आए नतीजे के बाद डायमंड हार्बर में भी पार्षदों के इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है. पार्षदों के इस्तीफे की शुरुआत उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा से हुई थी. कुल 35 में 30 पार्षदों ने एक साथ इस्तीफे सौंप दिए. इसी तरह हालीशहर के 23 पार्षदों में 16 ने एक साथ इस्तीफा दे दिया. उत्तर बैरकपुर, गारुलिया और डायमंड हार्बर में इस्तीफों का सिलसिला जारी है.

## 300 पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू : राजनाथ

**नई दिल्ली, 26 मई.** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में गोंडोला सेवा में तकनीकी खराबी के कारण केबिनों में हवा में फंसे पर्यटकों को सुरक्षित बचाए जाने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सुरक्षा बलों की प्रशंसा की है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, गुलमर्ग में केबल कारों में फंसे 300 पर्यटकों का सफल बचाव हमारी आपदा राहत एजेंसियों की तत्परता, उनके पेशेवर रवैये, साहस और समन्वय को दर्शाता है.भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और नागरिक प्रशासन की संयुक्त बचाव टीम ने इस चुनौतीपूर्ण अभियान को कुशलता और दृढ़ संकल्प के साथ अंजाम दिया.

भीषण गर्मी का कहर

# उत्तर भारत में लू का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली, 26 मई. देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी क्षेत्र के बड़े हिस्सों में अगले कई दिनों तक भीषण से अति भीषण गर्मी और लू की स्थिति बने रहने की चेतावनी दी है.**

अगले कुछ दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना सहित कई राज्यों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना रहेगा. पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और विदर्भ में 26 से 29 मई के बीच गर्मी और लू की गंभीर स्थिति बनी रहने के आसार हैं. पश्चिम राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में कुछ स्थानों



### 28 तक तापमान 45 डिग्री पहुंचने की संभावना

मौसम विभाग ने गर्मी के अनुमानों को देखते हुए राजधानी के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. दिल्ली में 28 मई तक उच्चतम तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है और उसके बाद ही राहत मिलने की संभावना है. उत्तर-पश्चिम भारत में 28 मई तक तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा, लेकिन 29 से 31 मई के बीच अधिकतम तापमान में छह से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है. लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी गयी है.

पर अति भीषण लू चलने का अनुमान है. पंजाब तथा हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली में आज और कल अति भीषण लू की स्थिति रहेगी. उत्तर प्रदेश में भी 26 से 28 मई के बीच कई स्थानों पर लू तथा 26 और 27 मई को कुछ इलाकों में गंभीर गर्मी और लू चलने का अनुमान है. मौसम विभाग ने राजस्थान में 30 मई तक, मध्य प्रदेश और विदर्भ में 29 मई तक तथा छत्तीसगढ़, तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा और झारखंड में भी अगले तीन से चार दिनों तक लू का असर बने रहने का अनुमान जताया है.

इस बीच दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच रात के तापमान में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है.

लोकार्पण | पुस्तक लोकार्पण में जुटे कई बड़े दिग्गज

# 'मोदी' का अर्थ है 'मेकिंग ऑफ डेवलप्ड इंडिया : नायडू

- मोदी नेतृत्व पर शिवराज की खास पुस्तक 'अपनापन'

**नई दिल्ली, 26 मई. में 'अपनापन : नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' का लोकार्पण केवल एक पुस्तक-विमोचन नहीं रहा, बल्कि वह एक ऐसी भावभूमि बन गया, जहाँ स्मृतियाँ बोलती रहीं, संबंध झलकते रहे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व का वह आत्मीय पक्ष उभरकर सामने आया.**

जो उन्हें जननेता से आगे बढ़ाकर जनमन का विश्वास बनाता है. केंद्रीय मंत्री शिवराज





की इस कृति पर बोलते हुए पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, शिवराज और प्रभात प्रकाशन के निदेशक प्रभात कुमार ने मोदीजी के जीवन, नेतृत्व, कार्यकर्ता-प्रेम, संवेदनशीलता और राष्ट्रभाव को ऐसे शब्द दिए, जिन्होंने समारोह को औपचारिकता से ऊपर उठाकर एक जीवंत अनुभूति में बदल दिया.

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी अपनी बात को सरल, स्पष्ट और आत्मीय ढंग से लोगों तक पहुँचाते हैं और यही कारण है कि वे देश के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते हैं.वेंकैया जी ने यह भी कहा कि जब कभी प्रधानमंत्री पद को लेकर चर्चा होती थी, तब वे कहा करते थे कि 'मोदी' का अर्थ है 'मेकिंग ऑफ डेवलप्ड इंडिया, और आज भारत जिस आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, उसमें यह भाव प्रत्यक्ष दिखाई देता है.

वेंकैया नायडू ने शिवराज सिंह चौहान के बारे में कहा कि यह समझना अपने आप में महत्त्वपूर्ण है कि कोई व्यक्ति मध्य प्रदेश जैसे राज्य में 17 वर्षों तक मुख्यमंत्री के रूप में जनता का विश्वास बनाए रखे और फिर केंद्र में आकर कृषि मंत्री की जिम्मेदारी भी निभाए, यह साधारण उपलब्धि नहीं है.

> पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, संवाद शैली और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को रेखांकित किया.उन्होंने कहा कि किसी भी जननेता के लिए जनता से निरंतर संवाद सबसे बड़ी शक्ति होती है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' जैसे माध्यमों से देश के विविध वर्गों तक सीधे पहुँचकर यह सिद्ध किया है कि संवाद केवल सूचना देने का साधन नहीं, बल्कि विश्वास अर्जित करने का माध्यम भी है.

## पुलिस की गोली से ढेर हुआ इनामी गैंगस्टर

**पटना, 26 मई.** बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार अब पूरी तरह आक्रामक मोड में नजर आ रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन लंगड़ा के तहत पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में मंगलवार देर रात पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी को एनकाउंटर में मार गिराया। आरोपी हत्या, लूट, रंगदारी और अवैध हथियारों के कई मामलों में वांछित था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। कई बार छापेमारी के बावजूद वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था. हाल ही में उसकी लोकेशन मिलने के बाद स्पेशल टास्क फोर्स और जिला पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया.

# तृणमूल समर्थक युवक की हत्या

**बीरभूम, 26 मई. पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार रात अज्ञात हमलावरों ने तृणमूल कांग्रेस के समर्थक की धारदार हथियार से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी.**

मृतक की पहचान सैंथिया थाना क्षेत्र के कुरुमशाह गांव निवासी काजल शेख के रूप में हुई है. यह वारदात उस समय हुई जब युवक रात में अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था. काजल शेख का टेकड्डा मोड़ के पास मोटरसाइकिल का एक गैरेज था. सोमवार रात जब वह हमेशा की तरह अपनी दुकान बढ़ाकर घर के लिए निकला, तभी टेकड्डा मोड़ के पास एक पुलिया के समीप बदमाशों ने उसका रास्ता रोक लिया. इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, हमलावरों ने उस पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. शेख को खून से लथपथ हालत में जमीन पर गिराकर आरोपी मौके से फरार हो गए.

घटना की सूचना मिलते ही सैंथिया थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शेख को इलाके में तृणमूल कांग्रेस के समर्थक के रूप में जाना जाता था, लेकिन पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे कोई राजनीतिक कारण था या नहीं, इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है. इस संबंध में सैंथिया पंचायत समिति के अध्यक्ष प्रशांत साधु ने कहा कि पुलिस को सभी पहलुओं की गहनता से जांच करनी चाहिए.